अलवर में बनने वाले भव्य प्रवेश द्वारों से शहर को मिलेगा आकर्षक स्वरूप : मंत्री संजय शर्मा

मंत्री संजय शर्मा ने वैशाखी पर पंजाबी समाज के लोगों के साथ अमर शहीद भगत सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया

अलवर। वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री संजय शर्मा ने सोमवार को नगर निगम एवं नगर विकास न्यास के अधिकारियों की टीम के साथ अलवर शहर के चारों प्रवेश मार्गों पर आकर्षक प्रवेश द्वार बनाए जाने वाली जगहों का अवलोकन कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये है। इस दौरान नगर निगम आयुक्त सोहन सिंह नरूका, नगर विकास न्यास के अधिशासी अभियन्ता अशोक मदान सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

वन राज्यमंत्री ने अवलोकन कर अधिकारियों को कहा कि अलवर शहर में आने वाले आगन्तुकों एवं पर्यटकों को शहर आकर्षक स्वरूप में दिखे, इसके लिए बहरोड़ रोड, तिजारा रोड, रामगढ़ रोड व ढाई पैड़ी पर अलवर शहर के चारों प्रवेश मार्गों पर कटी घाटी की तर्ज पर आकर्षक एवं भव्य प्रवेश द्वारों का निर्माण किया जावे।

वन राज्य मंत्री संजय शर्मा ने शहर के चारों प्रवेश मार्गों पर बनने वाले प्रवेश द्वारों के लिए चिन्हित स्थानों का अवलोकन किया।

- इस दौरान नगर निगम आयुक्त सोहन सिंह नरूका, नगर विकास न्यास के अधिशासी अभियन्ता अशोक मदान सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि अलवर जिले की पहचान राजस्थान के सिंहद्वार के रूप में रही है, इसको दृष्टिगत रखते हुए पर्यटन को बढावा देने एवं शहर के सौन्दर्यकरण के लिए प्रवेश द्वारों का निर्माण विशेष थीम पर कार्य योजना तैयार कर यथाशीघ्र कराया जाए।

मंत्री संजय शर्मा ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रवेश द्वारों का निर्माण कार्य में स्थानीय कला एवं स्थापत्य शैली को प्राथमिकता देते हुए गुणवत्ता के साथ समयबद्ध रूप में पूर्ण कराया जाए। उन्होंने निर्देशित किया प्रवेश द्वारों के आसपास सौन्दर्यकरण, हरियाली एवं स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा जाए तथा प्रवेश द्वारों पर साइनेज आदि इस प्रकार लगाए जाएं कि शहर में प्रवेश करने वाले यात्रियों को महत्वपूर्ण स्थानों की जानकारी सुगमता से मिल सके।

इसके अलावा मंत्री संजय शर्मा राजकीय सामान्य चिकित्सालय स्थित आईएमए सभागार में पुष्पराज शर्मा के संयोजन में आयोजित रक्तदान शिविर कार्यक्रम में शिरकत करने पहुंचे वहां उन्होंने रक्तवीरों का उत्साहवर्धन किया और कहा रक्तदान महादान है जो जरूरत पडने पर व्यक्ति को जीवनदान प्रदान करता है। मंत्री संजय शर्मा ने वैशाखी पर पंजाबी समाज के लोगों के साथ अमर शहीद भगत सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया।

'हरियालो राजस्थान' के तहत योजना तैयार कर कार्य करने के निर्देश

- खैरथल जिला सचिवालय पर सोमवार को जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में हुई साप्ताहिक समीक्षा बैठक व जिला पर्यावरण समिति की बैठक

खैरथल। जिला कलेक्टर अतुल प्रकाश की अध्यक्षता में सोमवार को साप्ताहिक समीक्षा एवं जिला पर्यावरण समिति कि बैठक आयोजित की गई, जिसमें विभिन्न विभागों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। समीक्षा बैठक में जिला कलेक्टर ने अधिकारियो को संपर्क पोर्टल पर लंबित परिवादों के समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने पीएमओ एवं सीएमओ कार्यालय से प्राप्त शिकायतों का निस्तारित करने के निर्देश दिए। संयुक्त निदेशक सूचनाओं प्रौद्योगिकी विभाग की ओर से बताया कि जिले का सेटिस्फेक्शन प्रतिशत में पहले कि अपेक्षा वृद्धि हुई है।

जिला कलेक्टर ने जीएसएस की भूमि आवंटन, घुमंतू जनजाति के पट्टा वितरण, पीएम स्वनिधि सहित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिला पर्यावरण समिति की बैठक के दौरान जिला कलेक्टर ने हरियालो राजस्थान के तहत इस वर्ष जिले को प्राप्त लक्ष्य 10.18 लाख को प्राप्त करने हेतु अभी से ही विभागों द्वारा व्यापक कार्य योजना तैयार कर कार्य करने के निर्देश दिए। इस दौरान प्रत्येक विभाग के लक्ष्य को बताते हुए उन्होंने विभागों को जगह चिन्हित कर मियावाकी पद्धित से पौधारोपण करने के निर्देश दिए।बैठक में अतिरिक्त जिला कलेक्टर शिवपाल जाट, नगर परिषद आयुक्त मुकेश शर्मा, अधीक्षण अभियंता जेपी बैरवा, सहायक निदेशक वेद प्रकाश सैनी, एसीएफ वन विभाग संजय चौधरी, संयुक्त निदेशक सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग वीरेंद्र त्यागी, मंडी सेक्रेटरी राजेश कर्दम, उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी पूरणमल मीणा, समाज कल्याण अधिकारी रमेश दहमीवाल, कोषाधिकारी अधिकारी सुरेश कुमार बंसल, जेएमओ मंडी प्रियंका प्रजापत सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

बागावास अहिरान बनीपार्क में एचपी पेट्रोल पंप का उद्घाटन

पावटा। क्षेत्र के बागावास अहिरान बनीपार्क में नए एचपी पेट्रोल पंप राधे फ्यूल सेंटर का उद्घाटन मंगलदास महाराज के सान्निध्य में समारोह हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विराटनगर उपखंड अधिकारी कपिल कुमार उपाध्याय व आमेर उपखंड अधिकारी बजरंग लाल स्वामी रहे, जिन्होंने फीता काटकर पेट्रोल पंप का विधिवत शुभारंभ किया। उद्घाटन के दौरान उपखंड अधिकारी ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए पेट्रोल पंप परिसर में पौधारोपण भी किया। उन्होंने कहा कि विकास के साथ-साथ पर्यावरण संतुलन बनाए रखना आवश्यक है। नए पेट्रोल पंप के शुरू होने से क्षेत्र के वाहन चालकों को बड़ी राहत मिलेगी।

अब उन्हें ईंधन भरवाने के लिए दूर-दराज नहीं जाना पड़ेगा। पेट्रोल पंप पर आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं, जिससे वाहन चालकों को तेज, सुरक्षित और सुविधाजनक सेवा मिलेगी। साथ ही साफ-सफाई, पेयजल एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं का भी विशेष ध्यान रखा गया है। कार्यक्रम में अहमद हुसैन (सेल्स ऑफिसर), बाबूलाल स्वामी, कैलाश यादव, ओमप्रकाश स्वामी, संदीप यादव, राजू यादव, महेश पटवारी, नीरज सैन, रामनिवास, सुभाष यादव, राहुल गोयल, अक्षय सिंह, जीतू हुल्डा सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

अंबेडकर जयंती मनाई

लालसोट। डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती के अवसर पर राजेश पायलट राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, लालसोट में राष्ट्रीय सेवा योजना की तीनों इकाइयों के संयुक्त तत्वावधान में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बाबा साहेब के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धापूर्वक नमन किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर सुभाष पहाड़िया ने अपने उद्बोधन में कहा कि अंबेडकर के विचार आज के समय में और भी अधिक प्रासंगिक हो गए हैं।

'सफलता पाने के लिए मेहनत, अनुशासन जरूरी'

निवाई। सर्व समाज के तत्वावधान में श्यामा प्रसाद मुखर्जी सामुदायिक भवन में सर्व समाज प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें करीब 150 से अधिक प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ अद्वैत आश्रम हरभावता आश्रम के संत महामंडलेश्वर स्वामी बालकानंद महाराज एवं मनीष दास महाराज ने दीप प्रज्ज्वलित करके किया।

समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में निवर्तमान नगरपालिका अध्यक्ष दिलीप इसरानी, रामभजन गुर्जर, डीवाईएसपी रवि शर्मा, निवाई थानाधिकारी घासीराम मीणा, सदर थानाधिकारी राजेंद्र प्रसाद, डॉ. मुकेश कसाना, डॉ. आकांक्षा तंवर, समाजसेविका प्रमिला खंडेलवाल एवं योगी रामरस चौधरी रहे। अतिथियों ने प्रतिभाओं का उत्साहवर्धन करते हुए शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। संत बालकानंद महाराज ने कहा कि जीवन में सफलता पाने के लिए मेहनत, अनुशासन व निरंतर अभ्यास अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बच्चों को लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर आगे बढ़ने का संदेश दिया। कार्यक्रम का संचालन प्रेमप्रभु गंगाडा एवं अध्यापक मोरपाल गुर्जर ने किया। समारोह का उद्देश्य समाज के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को पहचान देना एवं उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना है। उन्होंने बताया कि समारोह में 85 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त विद्यार्थियों को मोमेंटो, दुपट्टा, प्रमाण पत्र एवं चांदी की तस्वीर भेंट कर सम्मानित किया गया।

भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई

दौसा। स्वर्गीय पंडित नवलकिशोर शर्मा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय दौसा में आज डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ विचार गोष्ठी के रूप में हुआ, जिसकी अध्यक्षता

- पोस्टर, निबंध प्रतियोगिता का आयोजन हुआ, विद्यार्थियों ने स्वच्छता अभियान चलाया

डॉ. एल.आर. मीणा ने की। इस अवसर पर बाबा साहेब की प्रतिमा पर पुष्पार्पण एवं माल्यार्पण कर कार्यक्रम का विधिवत आरंभ किया गया।

अध्यक्षीय उद्बोधन में डॉ. एल.आर. मीणा ने कहा कि संविधान निर्माता बाबा साहेब अंबेडकर का जीवन संघर्ष, धैर्य और दृढ़ संकल्प का प्रतीक है, जो हमें विषम परिस्थितियों में भी आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। उन्होंने बताया कि डॉ. अंबेडकर एक

डॉ. भीम राव अम्बेडकर की प्रतिमा के समक्ष केक काटा।

महान अर्थशास्त्री भी थे तथा उनकी अनुशंसा पर भारतीय रिजर्व बैंक की स्थापना संभव हो सकी।

उन्होंने यह भी कहा कि बाबा साहेब ने समाज के अंतिम पंक्ति के व्यक्ति को मुख्य धारा से जोड़ने के लिए संविधान में महत्वपूर्ण प्रावधान किए, जिसके परिणामस्वरूप भारतीय समाज और अधिक सशक्त बना है। विचार गोष्ठी में डॉ. नरेंद्र परेवा ने बात पर प्रकाश डाला कि भारतीय समाज में डॉ. अंबेडकर का महत्वपूर्ण योगदान विशेष रूप से महिलाओं के अधिकारों के क्षेत्र में रहा है।

उन्होंने कहा कि यदि बाबा साहेब न होते, तो आज महिला सशक्तिकरण की स्थिति इतनी सुदृढ़ नहीं होती। उन्होंने बाबा साहेब के इस कथन को भी उद्धृत किया कि किसी राष्ट्र की प्रगति का आकलन उसकी महिलाओं की प्रगति से किया जाता है। कार्यक्रम को डॉ. शिल्पी श्रृंगारी ने भी संबोधित करते हुए राष्ट्र निर्माण में डॉ. अंबेडकर के अमूल्य योगदान को रेखांकित किया। पोस्टर, निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया तथा स्वच्छता कार्यक्रम के अंतर्गत महाविद्यालय परिसर में विद्यार्थियों ने स्वच्छता अभियान चलाया।

अंबेडकर प्रतिमा पर नाम पट्टीका लगाने को लेकर प्रदर्शन

बौंली -बामनवास। नगर पालिका मुख्यालय बौंली के सामने स्थित दो वर्ष पूर्व लगाई गई अंबेडकर प्रतिमा पर नाम पट्टीका लगाने को लेकर नगर पालिका कार्यालय के बाहर से नारेबाजी लगाते हुए जुलूस के रूप में क्षेत्रीय विधायक इंदिरा मीणा केनेतत्व मे कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बौंली पुलिसथाने पर विरोध-प्रदर्शन किया। एक वर्ष पूर्व भी नाम पट्टीका लगाने का प्रयास किया गया था, उस समय भी पुलिस प्रशासन ने नाकाम कर दिया था।

- दो वर्ष पूर्व लगाई अंबेडकर प्रतिमा पर नाम पट्टीका लगाने को लेकर नगर पालिका कार्यालय के बाहर से नारेबाजी लगाते हुए क्षेत्रीय विधायक इंदिरा मीणा के नेतत्व मे कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बौंली पुलिस थाने पर विरोध-प्रदर्शन किया

बौंली पुलिस सर्किल इंस्पेक्टर जितेंद्र सिंह सोलंकी ने बताया कि आमजनों की शिकायत पर मौके पर पहुंचे एवं ठेकेदार व अन्य आदमियों को नाम पट्टीका लगाने से रोका। इस मामले को लेकर अनुसूचित जाति विकास परिषद बौंली के महामंत्री ओमप्रकाश डंगोरिया ने बताया वर्ष 1991 के अप्रैल माह में रोड नियमों को ध्यान में रखते हुए ग्राम पंचायत बौंली द्वारा आवंटित भूमि पर अनुसूचित जाति विकास परिषद बौंली के तत्वावधान में तत्कालीन सामाजिक न्याय अधिकारिता मंत्री कुंदनलाल मृगलानी के मुख्य अतिथि एवं जोगेश्वर गर्ग की अध्यक्षता में आयोजित समारोह में बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा का अनावरण किया गया था जो आज भी हर वर्ष प्रत्येक राष्ट्रीय पर्व एवं जयंती पर सर्व समाज द्वारा सफल आयोजन होता है। क्षेत्रीय विधायक इंदिरा मीणा द्वारा वोटो की राजनीति के कारण मात्र कुछ मीटर पर दूरी पर ही दूसरी नवीन प्रतिमा को स्थापित कराया गया है जो,की भारत-रत्न अंबेडकर साहब का घोर अपमान है। इस मामले को लेकर कांग्रेस मीडिया प्रभारी से भी बातकी गई तो उन्होंने इसे भाजपा का षड्यंत्र बताया।

विधायक गर्ग का ग्रामीण व शहरी क्षेत्र का दौरा

भरतपुर। पूर्व मंत्री व भरतपुर विधायक डॉ. सुभाष गर्ग ने भरतपुर के ग्रामीण व शहरी क्षेत्र का दौरा कर विभिन्न धार्मिक व सामाजिक कार्यक्रमों में शिरकत की तथा रणजीत नगर कार्यालय पर जनसुनवाई कर संबंधित विभाग के अधिकारियों को आमजन की समस्याओं का समाधान करने के निर्देश दिए। विधायक डॉ. गर्ग ने दौरे के दौरान विधानसभा क्षेत्र के तुहिया,कोलीपुरा, सूती, नगला पुठिया, घुस्यारी, नगला बरेला ,पीर नगर, पिडयानी, जिरौली सहित ओल के खूबी का नगला व अन्य ग्रामीण व शहरी क्षेत्र में पहुंचकर लोगों के दुख सुख में सहभागिता निभायी। वही नगला पुठिया और पिडयानी गांव में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ में उपस्थित होकर भागवत ग्रंथ की पूजा अर्चना कर देश व प्रदेश में खुशहाली की कामना की। इस दौरान डॉ. गर्ग ने क्षेत्र की समस्याओं के बारे में भी जानकारी ली और उनका समाधान कराने का विश्वास दिलाया। डॉ. गर्ग ने कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए वह समर्पण भाव से जुटे हुए हैं और शेष रहे विकास कार्यों को भी शीघ्र पूर्ण कराया जाएगा।

समाज की एकता, अखंडता व सामाजिक शक्ति सबसे बड़ी ताकत : राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कुलदीप

सांभरझील। विप्र फाउंडेशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कुलदीप व्यास ने कहा कि विप्र बंधुओ को रामायण का संदेश आत्मसात करने की जरूरत है। विप्र बांधुओ की एकता अखंडता व सामाजिक शक्ति किसी से छिपी नहीं है और यही ब्राह्मण समाज की सबसे बड़ी ताकत है। सत्य से लड़ने के लिए ब्राह्मण सदैव आगे रहा है और इसके लिए किसी आमंत्रण की जरूरत नहीं है। विप्र फाउंडेशन के संस्थापक सुशील ओझा ने कहा ब्राह्मण समाज में वैवाहिक रिश्ते एक जटिल समस्या के रूप में उभर कर सामने आ रहे हैं।

ब्राह्मणों को अपने कुल का वर्चस्व बढ़ाने के लिए हमें मानसिकता को बदलना होगा। हम चाहते हैं जिस प्रकार से अन्य जाति के लोग अपनी जाति में रिश्ते करते हैं तो फिर ब्राह्मण समाज के लोग ब्राह्मण समाज में रिश्ते क्यों नहीं करते हैं, हम चाहते हैं ब्राह्मण, ब्राह्मण से ही अपना वैवाहिक रिश्ता तय करें। हमें खंड-खंड नहीं होना है बल्कि अखंड होकर एक नई चेतन जगानी है। आप सभी विपुल बंधु संकल्प लें कि आपके सांभर के लाल कुलदीप व्यास ने यह प्रोग्राम ऑर्गेनाइज कर जो ब्राह्मणों

सुशील ओझा व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कुलदीप व्यास का स्वागत किया।

की एकजुट दिखाई है, मैं चाहता हूं वह इस कार्यक्रम के संपन्न होने के पश्चात भी इसी प्रकार बनी रहे।

विप्र फाउंडेशन के संस्थापक सुशील ओझा ने कहा कहा कि यह हमारे लिए गर्व की बात है कि मां शाकंभरी की अनुकंपा से कार्यक्रम में कोलकाता, उत्तर प्रदेश, झारखंड सहित देश के कोने-कोने से समाज के लोग शामिल हुए हैं। ब्राह्मण समाज इस शाकंभरी माता के मंदिर में खड़ा होकर हाथ में जल लेकर और संकल्प ले। साथ ही सार्वजनिक रूप से कोई ब्राह्मण किसी दूसरे ब्राह्मण की निंदा नहीं करेगा तो हमारा बचा हुआ आधा काम भी पूरा हो जाएगा।समारोह के दौरान पदम श्री हास्य कवि दिल्ली के सुरेंद्र शर्मा को सुनने के लिए सभी लालायित रहे और उन्होंने अपनी चिर परिचित अंदाज में लोगों को गुदगुदाया। जयपुर विपुल फाउंडेशन की सदस्य व सांभर रामलीला मे राम की भूमिका अदा करने वाले बल्लभदास आचार्य के पुत्र राजेश आचार्य ने भी अपने ऊर्जावान उद्बोधन से विप्र बांधुओं में एक नई आशा का संचार किया।ब्राह्मण समाज की ओर से रविवार को सांभर स्थित गट्टाणी गार्डन में विशाल विप्रोत्सव आयोजन में देशभर की प्रमुख विप्र हस्तियों ने शिरकत की। यहां देशभर से पांच हजार से अधिक विप्र बंधु शामिल हुए।

कार्यक्रम में कार्यक्रम में विप्र फाउंडेशन के संस्थापक मुख्य अतिथि सुशील ओझा, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कुलदीप व्यास, पद्मश्री हास्य कवि सुरेंद्र शर्मा, विप्र फाउंडेशन के संरक्षक हरिप्रसाद शर्मा, विप्र फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सत्यनारायण श्रीमाली के अलावा पूर्व कर्मचारी चयन बोर्ड के अध्यक्ष हरिप्रसाद शर्मा ने भगवान परशुराम की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर और दीप प्रज्ज्वलित किया। अभिनंदन समारोह में मंच पर विप्र फाउंडेशन के संस्थापक सुशील ओझा, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कुलदीप व्यास, पद्मश्री हास्य कवि सुरेंद्र शर्मा, विप्र फाउंडेशन के संरक्षक हरिप्रसाद शर्मा, विप्र फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सत्यनारायण श्रीमाली मौजूद रहे। वहीं संरक्षक ओमप्रकाश जोशी काठमांडू, राष्ट्रीय प्रमुख महामंत्री पवन कुमार पारीक, उपाध्यक्ष नरेंद्र हर्ष, प्रांतीय अध्यक्ष सतीश शर्मा, मुख्यमंत्री के ओएसडी दिनेश शर्मा मौजूद रहे।

'खेल मनोरंजन नहीं, बल्कि सम्मानजनक कैरियर का विकल्प भी है'

कोटपूतली। निकटवर्ती पनियाला मोड़ स्थित दिल्ली पब्लिक वर्ल्ड स्कूल में विद्यार्थियों के शारीरिक विकास और खेल कौशल को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के उद्देश्य से सोमवार को स्पोर्ट्स एकेडमी का शुभारम्भ एडीएम ओमप्रकाश सहारण ने द्वीप प्रज्जवलन एवं फीता काटकर किया। मुख्य अतिथि सहारण ने कहा कि खेलों के माध्यम से बच्चों में अनुशासन, टीम भावना और नेतृत्व के गुणों का विकास होता है।

- एडीएम ओमप्रकाश सहारण ने डीपीडब्ल्यूएस में स्पोर्ट्स एकेडमी का उद्घाटन किया

उन्होंने विद्यालय के इस प्रयास की सराहना की और छात्रों को खेल भावना के साथ आगे बढ़ने के लिये प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि आज के दौर में खेल केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि एक सम्मानजनक कैरियर का विकल्प भी है। स्कूल निदेशक आनंद मित्तल ने बताया कि विद्यालय में शुरू की गई ये एकेडमी विद्यार्थियों को राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने का माध्यम बनेगी। उन्होंने कहा कि स्पोर्ट्स अकादमी के माध्यम से विद्यार्थियों को शूटिंग रेंज, स्विमिंग पूल, बास्केटबॉल, क्रिकेट, बैडमिंटन, स्केटिंग, फुटबॉल सहित विभिन्न खेलों का प्रशिक्षण दिया जायेगा। इसके लिए योग्य एवं अनुभवी प्रशिक्षकों की व्यवस्था की गई है, जिससे छात्र अपनी प्रतिभा को निखार सकेंगे। एकेडमी में भाग लेने वाले बच्चों के लिये स्कूल की ओर से ट्रांसपोर्ट की

नाम परिवर्तन

मैने अपना नाम जितेंद्र सिंह खंगारोत से बदलकर जितेंद्र सिंह कर लिया है; भविष्य में मुझे जितेंद्र सिंह के नाम से ही जाना पहचाना जावे। पता- मरवा, पोस्ट- मरवा, जिला- जयपुर, राजस्थान

खोया-पाया मै गीता देवी दरोगा पति हरिनारायण सिंह मेरे पति के नाम से चमन विहार आसोलाई कॉलोनी में बाबा आर एन गौठ गृह नि.स.स.लि.जयपुर द्वारा प्लाट संख्या 79 व 135 का पट्टा जारी किया हुआ है जिसके समस्त कागजात खो गए है जिसकी थाने में रिपोर्ट दर्ज है मिलने पर संपर्क करें मोबाइल नंबर:91-97724 62642

आम सूचना सर्व साधारण को सूचित रहे कि मेरी अभिभाष्या श्रीमती हेमलता जांगिड पुत्री श्री महेश कुमार जांगिड हाल निवासी-प्लाट संख्या-6-बी, शिव विहार कॉलोनी, मुरलीपुरा, सीकर रोड, जयपुर का पुत्र आदित्य कुमार जांगिड मेरी अभिभाष्या के कहने सुनने में नहीं है, गलत संगत एवं गैर वाजिब हरकतो में लिप्त है एवं लड़ाई झगड़ा करता है जिसके कारण मेरी अभिभाष्या ने अपने पुत्र आदित्य कुमार जांगिड को अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है आज के बाद मेरी अभिभाष्या व उसके पीहर वालो का आदित्य कुमार जांगिड से कोई सम्बन्ध व सरोकार नहीं है एवं इसके द्वारा आज से पूर्व व पश्चात किये गये किसी भी कृत्य, लेन-देन, संव्यवहार इत्यादि के लिये मेरी अभिभाष्या एवं उसके पीहर वाले जिम्मेदार नहीं होंगे। सूचित रहे।
दिनांक-13/4/26 भगवत गौड एडवोकेट मो. 9784599380

कार्यालय उप आवासन आयुक्त वृत्त-प्रथम राजस्थान आवासन मण्डल, प्रताप नगर, जयपुर
क्रमांक :- 169 दिनांक :-10/04/26
जाहिर आम-सूचना राजस्थान आवासन मण्डल की प्रताप नगर योजना में आवास / फ्लैट संख्या MB-2/908 (9-F) (MIG-B) प्रताप अपार्टमेन्ट प्रताप नगर सांगानेर जयपुर का आवंटन श्री धनेश कुमार खत्री पुत्र स्व. श्री गिरधारी लाल खत्री को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र क्रमांक 3315 दिनांक 30-06-2011 को जारी किया गया था। जिसका भौतिक कब्जा दिनांक 27.07.2016 को प्राप्त किया गया। इनके पक्ष में पंजीयन पत्रो निष्पादन दिनांक 27.08.2019 को कर दिया गया। श्री धनेश कुमार खत्री की मृत्यु दिनांक 14.07.2024 को हो जाने के कारण उनकी पत्नी श्रीमती रेखा खत्री पत्नी स्व. श्री धनेश कुमार खत्री द्वारा आवासन मण्डल में पंजीकृत हक त्याग के आधार पर उक्त फ्लैट पर अपना नाम मण्डल रिकॉर्ड में दर्ज कराने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। अतः उक्त आवास/फ्लैट के हस्तान्तरण बाबत किसी व्यक्ति / पक्षकार को कोई आपत्ती हो तो अधोहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय में 7 दिवस में अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा यह मानते हुए की मण्डल रिकॉर्ड में नाम दर्ज करने में किसी को कोई आपत्ति नही है, श्रीमती रेखा खत्री पत्नी स्व. श्री धनेश कुमार खत्री का नाम मण्डल रिकॉर्ड में दर्ज कर दिया जावेगा।
सम्पदा प्रबन्धक, वृत्त-प्रथम, राज. आवा. मण्डल, जयपुर

कार्यालय तहसीलदार (भू.अ.) आमेर, जिला जयपुर
क्रमांक-भू.अ./2026/1510 दिनांक-10/4/26
आम सूचना का नोटिस हर आम खास को सूचित किया जाता है कि प्रार्थी श्री रामेश्वर प्रसाद जांगिड वगै० जाति जांगिड (खाती) निवासी कूकस द्वारा एक प्रार्थना पत्र इस आशय का प्रस्तुत किया गया कि स्व0 श्रीनारायण पुत्र गिरधारी उर्फ गोदिया जाति जांगिड (खाती) निवासी ग्राम कूकस तहसील आमेर द्वारा अपने जीवनकाल में एक रजिस्टेड वसीयतनामा प्रार्थीयान रामेश्वर प्रसाद, जगदीश प्रसाद, सीताराम, नेमिचन्द गिर्राज प्रसाद, दीपचन्द मोहनलाल, गजानन्द पि. श्रीनारायण जाति जांगिड (खाती) के पक्ष में दिनांक 02.07.2020 को उपपंजियक कार्यालय आमेर में पंजिबद्ध करवाया गया था। वसीयतकर्ता की दिनांक 15.12.2025 को मृत्यु हो चुकी है, मृतक खातेदार स्व0 श्रीनारायण पुत्र गिरधारी उर्फ गोदिया जाति जांगिड (खाती) निवासी ग्राम कूकस तहसील आमेर के नाम राजस्व ग्राम कूकस तहसील आमेर के जमाबन्दी के ख0न0 257, 258, 259, 260, 262, 263, 264, 265, कुल किता 8 रकबा 1.47 हेक्टे0 में हिस्सा 1/2 एवं खसरा नम्बर 261/2299, 264/2465, 271/2298 कुल किता 3 रकबा 0.33 में हिस्सा 1/2 खातेदारी दर्ज रिकॉर्ड है। उपरोक्त आराजी खसरा नम्बर वसीयतकर्ता की पैतृक भूमि है। उपरोक्त भूमि का नामान्तकरण प्रार्थीयान रामेश्वर प्रसाद, जगदीश प्रसाद, सीताराम, नेमिचन्द गिर्राज प्रसाद, दीपचन्द मोहनलाल, गजानन्द पि. श्रीनारायण जाति जांगिड (खाती) निवासी ग्राम कूकस के पक्ष में दर्ज करने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है। प्रकरण वसीयतनामा का होने के कारण धारा 135 (2) एलआर एक्ट 1956 के तहत दर्ज किया जाकर यह पत्रावली खोली गई। प्रकरण मे यदि किसी को कोई उज्ज-एतराज, अथवा आपत्ति हो तो, प्रकरण मे नियत आगामी तारीख पेशी 22/4/2026 को न्यायालय हाजा में अपना पक्ष प्रस्तुत करें, अन्यथा प्रकरण का एकतरफा निस्तारण कर दिया जावेगा। सूचित रहे। यह नोटिस आज दिनांक 10/4/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं कार्यालय की मुद्रा से जारी किया गया।
तहसीदार (भू.अ.) तहसील-आमेर

राजस्थान आवासन मण्डल, वृत्त-प्रथम, प्रताप नगर, जयपुर
क्रमांक :- 176 दिनांक :- 13/04/2026
जाहिर आम-सूचना राजस्थान आवासन मण्डल की प्रताप नगर, सांगानेर योजना में आवास संख्या 35/56 (MIG-A), (एरिया 90.00 वर्गमीटर) प्रताप नगर, सांगानेर का आवंटन श्री अयरामदास कालड़ा पुत्र श्री गंगादास कालड़ा को किया जाकर आवंटन पत्र क्रमांक 949 दिनांक 30.06.1997 को जारी किया गया। श्रीमती कोमल मदनानी पत्नी श्री सुनील कुमार मदनानी के पक्ष मे उक्त आवास का नियमितिकरण पत्र क्रमांक 356/3620 दिनांक 22.08.2006 के द्वारा किया गया। श्रीमती कोमल मदनानी के पक्ष मे उक्त आवास के पंजीयन प्रपत्र दिनांक 27.09.2006 को उप पंजीयक सांगानेर-प्रथम, जयपुर के यहां पंजीकृत करवाये गये। श्रीमती कोमल मदनानी द्वारा उक्त आवास को दिनांक 18.10.2006 के द्वारा श्री नसीम अख्तर अली पुत्र श्री मजहर अली को विक्रय कर उप पंजीयक-सांगानेर-प्रथम, जयपुर के यहां विक्रय पत्र का पंजीकृत करवाया गया। श्री नसीम अख्तर अली द्वारा उक्त आवास को दिनांक 16.05.2024 के द्वारा श्री शेख अब्दुल मोईद पुत्र श्री शेख अब्दुल हमीद को विक्रय कर उप पंजीयक-सांगानेर-द्वितीय, जयपुर के यहां विक्रय पत्र का पंजीकृत करवाया गया। श्री शेख अब्दुल मोईद के आवेदन पर कार्यालय आदेश क्रमांक 4690 दिनांक 08.11.2024 द्वारा नाम दर्ज किया गया। श्री शेख अब्दुल मोईद द्वारा उक्त आवास को दिनांक 16.01.2026 के द्वारा श्री फारीस उत पुत्र श्री सलीम मोहम्मद को विक्रय कर उप पंजीयक-सांगानेर-द्वितीय, जयपुर के यहां विक्रय पत्र का पंजीकृत करवाया गया। क्रेता/क्रेती श्री फारीस उत पुत्र श्री सलीम मोहम्मद द्वारा आवासन मण्डल मे उक्त आवास के रिकॉर्ड मे अपना नाम दर्ज कराने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। अतः उक्त आवास के हस्तान्तरण बाबत किसी व्यक्ति / पक्षकार को कोई आपत्ति हो तो अधोहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय मे 7 दिवस मे अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे अन्यथा यह मानते हुए की मण्डल रिकॉर्ड मे नाम दर्ज करने मे किसी को कोई आपत्ति नही है, श्री फारीस उत पुत्र श्री सलीम मोहम्मद का नाम मण्डल रिकॉर्ड मे दर्ज कर दिया जावेगा।
सम्पदा प्रबन्धक, वृत्त-प्रथम, राज.आवा. मण्डल, जयपुर

आम सूचना

मेरे अभिभाष्य श्री भंवर लाल दायमा पुत्र श्री मूलचन्द आयु 67 वर्ष जाति बलाई निवासी शिव मंदिर, के पास गोरधनपुरा, तहसील फुलेरा, जिला जयपुर, राजस्थान के पुत्र मुकेश कुमार से मेरे अभिभाष्य के आये दिन मनमुटाव व वैचारिक मतभेद रहते है। इस कारण से मेरा अभिभाष्य के व मुकेश कुमार के मध्य सामंजस्य स्थापित नही हो पाता है और भविष्य मे भी कोई सम्भावना प्रतीत नही होती है। ऐसी स्थिति मे मेरा अभिभाष्य अपने पुत्र मुकेश कुमार को अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल करता है यदि कोई व्यक्ति मेरे अभिभाष्य के पुत्र मुकेश कुमार से संव्यवहार करेगा तो उसके लिए मुकेश कुमार ही उत्तरदायी होगा मेरा अभिभाष्य उत्तरदायी नही होगा।
दिनेश कुमार वर्मा एडवोकट सांभर लेक मो.नं. 9414811580

खोया पाया

मेरे मकान नं.60/53, मानसरोवर, जयपुर का कब्जा पत्र, अदेय प्रमाण पत्र कहीं खो गया है कृपया मिलने पर सूचित करें- 9462930501

मेरे प्लॉट नम्बर 318-बी, शंकर नगर, कागदीवाडा, जयपुर 32.46 वर्गगज ट्रांसफर दिनांक 27.12.2005 की 110/- की रसीद दिनांक 05.02.2026 को मेरे निवास स्थान अमायरा अर्पाटमेंट से 7 नं. बस स्टैण्ड, जगतपुरा के मध्य कहीं गिर गई है। मिलने पर सूचित करें लक्ष्मी चेलानी 9588862586

मेरे भूखंड सं- बी 2/143 जे.डी.ए. की योजना ट्रांसपोर्ट नगर सीकर रोड जयपुर का जे.डी.ए से जारी मूल आवंटन -पत्र कही खो गया है सूचित करे-ममता शर्मा मो. 6367027210

मै दीपक कुमारी पत्नी अनिल कुमार मेरा प्लॉट नं.-123, राज नगर, बगराना, आगरा रोड, जयपुर। योजना- पहाड़गंज गृह निर्माण सहकारी समिति लिमिटेड जयपुर जो श्री राधे श्याम पुत्र स्व. श्री राम सहाय राव के नाम से आवंटित था जिसका मूल आवंटन पत्र, रसीद, साइड प्लान इत्यादि कागजात कहीं खो गए हैं मिलने पर सूचित करें। 9571477680

विवाद्यकों के स्थिरीकरण के लिए सम्मन
(आदेश 5 के नियम 1 और 5)
न्यायालय श्रीमान सिविल जज एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट कोटपूतली, जिला कोटपूतली बहरोड, राज.
बालेश्वर दास बनाम देवेन्द्र आदि
दावा बेदखली दुकान
मु0न0-115/2023
सम्मन
बनाम
1- देवेन्द्र शर्मा पुत्र स्व0 मातादीन भारद्वाज, निवासी मौहल्ला बुचाहेडा अवध बिहारी मन्दिर के पास कोटपूतली, जिला कोटपूतली-बहरोड
2- श्रीमती कमलेश पुत्री स्व0 मातादीन भारद्वाज पत्नि श्री राजेन्द्र कुमार शर्मा निवासी ए-124सी, अशोक विहार अलवर राजस्थान-301001
3- सन्तोष पुत्री स्व0 मातादीन भारद्वाज पत्नि श्री पवन शर्मा, निवासी टी-24, बाबा फरीदपुरी, पटेल नगर, एस0ओ0 सैन्टर, सैन्ट्रल दिल्ली-110008
4- कृष्णा पुत्री स्व0 मातादीन पत्नि श्री महेश चन्द्र शर्मा, निवासी प्लाट नम्बर सी-1, कर्मचारी कालोनी अशोक विहार अलवर राजस्थान
5- मीना पुत्री स्व0 मातादीन भारद्वाज पत्नि श्री देवेन्द्र शर्मा, निवासी प्लाट न0-12ए, विकास नगर विस्तार, मुरलीपुरा जयपुर, राज0
वादी ने आपके विरूद्ध बेदखली दुकान एवं वसूली किराया के लिये वाद पंजीयत किया है। आपका इस न्यायालय में तारीख 30 माह 04 सन 2026 को दिन में 10 ए.एम. बजे दावे का उत्तर देने के लिये उसंजात (हाजिर) होने के लिए वचन दिया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते है जिसे सम्यक् अनुदेश दिए गये हो और जो इस वाद से सम्बंधित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सके या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि आप उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित साक्ष्य दाखिल करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे में या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपकी प्रतिरक्षा या दाखिल / सुजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित है और यदि आप किसी अन्य दस्तावेज पर, चाहे वह आपके कब्जे व शक्ति में हो अपना प्रतिरक्षा या मुजराई के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो आप ऐसे दस्तावेजों को उल्लिखित समय के बाद उपाबद्ध की जाने वाली सूचि में प्रविष्ट करें।
आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नहीं होंगे तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा।
यह वाद तारीख 13 माह 04 सन 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।
मोहर न्यायाधीश
सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट कोटपूतली जिला-कोटपूतली-बहरोड

उद्घोषणा (इश्तिहार) न्यायालय (राज.)
व्यवहार मिश्रित (मुत्तफरिक) वाद सं. 14/2026
विषय- उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन प्राप्त करने हेतु प्रार्थना-पत्र।
प्रार्थी नाम श्रीमती विमलेश गुप्ता व अन्य पत्नि विश्वंभर दयाल गुप्ता व अन्य ने
विवाद स्थान पुलिस थाना मानसरोवर जयपुर के क्षेत्राधिकार
मृतक विश्वंभर दयाल गुप्ता के द्वारा छोडी गई Fixed Deposits in BOB 60/186 रजत पथ न्यू सांगानेर रोड के पास जयपुर की सम्पत्ति के विषय में।
पेशी दिनांक- 14/5/26
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त प्रार्थी/प्रार्थीगण ने इस न्यायालय में इस आशय का प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है कि मृतक, नाम विश्वंभर दयाल गुप्ता पुत्र देवकी नन्दन गुप्ता जाति महाजन निवासी 15/29 शिप्रा पथ मानसरोवर जयपुर का उत्तराधिकारी स्वीकार कर उसके पक्ष में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र, प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन, प्रदान किया जावें।
अतः उक्त प्रार्थना-पत्र की स्वीकृति में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह इस न्यायालय में दिनांक 14 माह 05 सन् 2026 को न्यायालय में उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रमाण सहित प्रस्तुत करें। उक्त दिवस के पश्चात् कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।
आज दिनांक 10 माह 04 सन् 2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुद्रांकन से जारी किया गया।
मोहर अदालत
आज्ञा से-शिरस्तेदार
अपर जिला एवं सैशन न्यायाधीश संख्या-10 जयपुर महानगर प्रथम मुख्यालय सांगानेर

आम सूचना सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पुत्र दिव्यांक अरोड़ा पुत्र श्री राकेश अरोड़ा निवासी 7-ख-8, जवाहर नगर, जयपुर हाल निवासी गुड़गांव हरियाणा मेरे कहने मे नही है और गलत संगत मे होने के कारण अपनी मनमर्जी करता है ऐसी परिस्थिति मे, मैं स्वयं एवं मेरा परिवार मेरे पुत्र दिव्यांक अरोड़ा से अपने समस्त रिश्ते समाप्त करते है अगर कोई भी व्यक्ति उससे किसी प्रकार का भी कोई संव्यवहार करता है तो उसके लिए मैं एवं मेरा परिवार किसी भी प्रकार से उत्तरदायी नही होगे। मेरे एवं मेरे परिजनों की किसी भी चल, अचल सम्पत्ति पर मेरे पुत्र दिव्यांक अरोड़ा का कोई हक एवं अधिकार नही होगा।
(राकेश अरोड़ा) निवासी फ्लेट नं. 702, एनआरआई प्रोक्सीमा, सेक्टर-22, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर-302033

आम सूचना
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्य श्री अशोक कुमार बागोरिया पुत्र श्री हनुमान सहाय बागोरिया, निवासीः- म.न. 556, मालियो का मौहल्ला, मंडी खटीकान, चार दरवाजा के बाहर, रामगंज जयपुर, घोषणा करते है कि उनकी पत्नी श्रीमती मिनाक्षी देवी उर्फ उगन्ता व मेरे पुत्र राहुल बागोरिया एंव पुत्रवधू कंचन, कृष्णा को अपने जीवन व अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति म.न. 556, मालियो का मौहल्ला, मंडी खटीकान व म.न. 95-ए, पूनम विहार, विवेक स्कूल के पास से बेदखल कर दिया है, क्योंकि उक्त सभी व्यक्ति उनके कहने मे नही है और ना ही कोई उनकी सेवा करता है। अतः कोई भी व्यक्ति, संस्था किसी भी प्रकार का कोई लेनदेन व्यवहार इनसे करते है तो स्वंय जिम्मेदार होगे। अखबार मे प्रकाशन बाबत अशोक कुमार बागोरिया ने श्री एम.फारूक बेग एडवोकेट को अधिकृत किया है।
जयपुर एम. फारूक बेग (एडवोकेट)
दिनाक-13/04/26 मो. 98294-74007

कार्यालय नगर परिषद लालसोट (दौसा)
Email ID:-lalsot.jaipur@yahoo.com, Ph-01431-260714
क्रमांकः- न.प.ला/कृ.भू.रू./2026/149 दिनांकः- 13/41/26
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है नगर परिषद में निम्न आवेदकों द्वारा कृषि भूमि में पट्टा पत्रावली प्रस्तुत की है यदि उक्त आवेदन पर किसी आम व खास को कोई उज्ज/आपत्ति हो तो परिषद में सात दिवस में आपत्ति प्रस्तुत करे बाद मियाद गुजरने पर किसी भी उज्ज/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

क्र. सं.	आवेदक का नाम व पता	खसरा नं. कस्बा व कॉलोनी नाम	वर्गगज	प्रयोजन
1	राम लखन मीणा पुत्र भरत लाल मीणा मलारना चौड़	1529, 1549 जीवन ज्योति नगर द्वितीय लालसोट	188.83	आवासीय
2	पूजा मंगल पत्नी महावीर गुप्ता बिरौना कलां	53/49 अयोध्या नगर चतुर्थ सीतारामपुरा चक नंबर 3	122.35	आवासीय
3	पूजा मंगल पत्नी महावीर गुप्ता बिलौना कलां	उपरोक्त	99.2	आवासीय
4	हरिओम मीना पुत्र रामस्वरूप मीना जस्टाना	2160 मां पपलाज नगर लालसोट	150	आवासीय
5	आशा देवी पत्नी करण कुमार मीणा कोडयाई	1529,1549,1556/2 जीवन ज्योति नगर द्वितीय लालसोट	182.5	आवासीय
6	गीता देवी पत्नी लल्लु प्रसाद गौतम उदगांव	13/4 मॉडल कॉलोनी सालगगरामपूरा चक नंबर 6	225.55	आवासीय
7	उमा देवी पत्नी मुरारी लाल गौतम उदगांव	उपरोक्त	196.66	आवासीय

नगर उक्त आपत्ति आज दिनांक 13/4/96 को मेरे हस्ताक्षर से जारी किया।
(नवरतन शर्मा)
आयुक्त
नगर परिषद लालसोट